www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-228 सागवाड़ा, सोमवार, 25 अप्रेल, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## 35 टन क्वार्ट्ज का 31 हजार और जेसीबी व डंपर का 2 लाख रुपये जुर्माना, एफआईआर दर्ज

### बोडीगामा में क्वार्ट्ज पत्थर का हो रहा था अवैध खनन, पुलिस की डीएसटी टीम ने एक जेसीबी मशीन व एक डम्पर को किया जब्त, दो चालक हिरासत में



**डूंगरपुर।** पुलिस की डीएसटी टीम ने साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा गांव में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। डीएसटी ने बोडीगामा में क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन व एक डम्पर को मौके से जब्त किया है। वही डीएसटी ने जेसीबी व डम्पर चालको को हिरासत में लिया है। जिले के पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) के प्रभारी व सीआई दिलीपदान ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा गांव में क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध खनन की सुचना मिली पुलिस की स्पेशल टीम को मिली थी। पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) के प्रभारी व सीआई दिलीपदान ने बताया की मुखबिर के जरिये मिली सुचना के आधार पर पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) के हैड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, राज गोपाल, मुकेश, यशपालसिंह और पंकज की टीम ने बोडीगामा गांव में दबिश दी। इस दौरान बोडीगामा गांव में एक जेसीबी मशीन द्वारा क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन किया जा रहा था और क्वार्ट्ज पत्थर डम्पर में भरकर तस्करी करने की तैयारी थी। पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) के हैड कांस्टेबल नवीन कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और एक डंपर को ज़ब्त किया। पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) के प्रभारी व सीआई दिलीपदान ने बताया की वहीं जेसीबी व डम्पर के चालक उदयपुर जिले के सलूंबर निवासी मुकेश मीणा और डूंगरपुर जिले के पुनाली निवासी राकेश परमार को हिरासत में लिया। इसके बाद में टीम ने जब्त मशीनों और चालकों को साबला थाना पुलिस को सुपुर्द किया। इधर साबला थाना पुलिस ने कार्रवाई की सूचना खनन विभाग को दी। खनन विभाग के एमई दिलीप सुथार ने बताया बोडिगामा वाले मामले में 35 टन क्वाट्ज का 31 हजार 500 रुपये जुर्माना और जेसीबी और डंपर का 2 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही साबला थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

### क्वार्ट्ज पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त, 28 हजार रुपये जुर्माना

सागवाड़ा। ट्रैक्टर की ट्रॉली में भरे क्वार्ट्ज पत्थर को लेकर गोल चौराहे पर हुई कहासुनी के चलते पुलिस ने ट्रैक्टर एवं टोली को डिटेन करते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित भगवती इंडस्ट्रीज में ब्यावर हाल सागवाड़ा निवासी अभिषेक पुत्र गौतम के यहां कार्यरत चौकीदार सागवाड़ा निवासी लोकेश पुत्र लक्ष्मीलाल गर्ग था। इसी दौरान आसपुर थाना अंतर्गत बोडीगामा छोटा निवासी हिरेंद्र एवं हनुमानगढ़ के विश्नोई वास चंदू उर्फ फरसा राम दोनों रविवार देर शाम भगवती इंडस्ट्रीज पर पहुंचे तथा वहां खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में क्वार्ट्ज पत्थर देखकर स्वयं को रॉयल्टी कर्मचारी बताकर मौके से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर निकल गए। गोल चौराहे पर हिरेंद्र एवं चंदू तथा लोकेश गर्ग के बीच कहासुनी हो रही थी तभी हेड कांस्टेबल हरि सिंह एवं कांस्टेबल यशपाल सिंह पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने हिरेंद्र एवं चंदू को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया तथा ट्रैक्टर ट्रॉली को डिटेन कर थाने में खड़ा करवा दिया। पुलिसकर्मियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में भरें क्वार्ट्ज पत्थर को देखते हुए खनन विभाग को सूचना दी। जिस पर खनन विभाग के फॉर मैन मीनाक्षी व्यास थाने में पहुंची। व्यास ने मामले की जांच होने तक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ी करवाई और 28 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

## श्री पगले जी महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार को लेकर बैठक हुई



**सागवाड़ा।** श्री पगले जी महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार को लेकर पेंशनर भवन सागवाड़ा में श्री देवालय निमार्ण एवं जीर्णोद्धार समिति की अहम बैठक समिति के अध्यक्ष जयंतीलाल मोची की अध्यक्षता में हुई। मुख्य संरक्षक नानुलाल पटेल मुख्य अतिथि थे।

बैठक में आचार्य पंडित विनोद त्रिवेदी ने शिवलिंग के उत्थापन के लिये 9 मई सोमवार सुबह 8 बजे का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त होना बताया।वही भूमिपूजन के लिये 20 मई शुक्रवार को सुबह 8 बजे का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त होना बताया। जिस पर सर्वसम्मती से उक्त दोनों शुभमुहूर्त अनुसार कार्यक्रम रखना तय किया। उत्थापन के यजमान बनने का लाभ प्रकाश पुत्र अमृतलाल भोई ने प्राप्त किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष जयंतीलाल मोची, मुख्य संरक्षक नानूलाल मोड़ पटेल एवं समिति के कोषाध्यक्ष मुकेश भोई ने मंदिर निर्माण को लेकर विचार व्यक्त किये। सचिव दिनेश शर्मा ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। स दौरान भूमिपूजन की यजमान की बोली शुरू की गई जो 5100 से शुरू होकर 1 घंटे के अंदर101101 तक पहुंच गई। नानुलाल मोड़ पटेल का आव्हान एवं जगदीश खटिक, देवीलाल पंचाल एवं प्रकाश भोई सहित उपस्थित समाजजनों का जोश काम आया और अल्प समय मे बोली को 1 लाख तक पहुंचाने में सराहनीय सहयोग रहा। 9 तारीख को उत्थापन कार्यक्रम मे इस बोली को अंतिम रूप दिया जायेगा। इस अवसर पर समिति के संरक्षक कुबेरलालजी जोशी, मोहनलाल भट्ट, समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत सुथार, उपाध्यक्ष और जनजाति समाज सागवाडा 12 फला के अध्यक्ष मोहनलाल भगोरा, सह कोषाध्यक्ष दिलीप कोठारी, भुपेश पंवार, विजय पंचाल, गोपालजी भावसार, नीरज पंचाल, भगवान सेवक, निखिल गुप्ता, दर्जी समाज के अध्यक्ष गोवर्धन दर्जी, समाजसेवी मोहनलाल मोची, विमल पालीवाल मातृशक्ति बहन कमलेश्वरी गुप्ता मौजूद रही। आभार समिति के प्रवक्ता श्याम भट्ट ने दिया।

## मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य की कार्यशैली पर उठे सवाल

### प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी का दौरा, जिला परिषद सभागार में ली अधिकारियों की बैठक

**डूंगरपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी ने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में मंत्री भाटी ने फ्लेगशिप योजनाओं के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य की कार्यशैली व जिला अस्पताल की अव्यव्सथाओ का मुद्दा उठा। वही बैठक के बाद विभिन्न कर्मचारी संगठनों व लोगो ने अपनी समस्याओ को लेकर प्रभारी मंत्री को ज्ञापन भी सौपे। प्रदेश के उर्जा मंत्री व डूंगरपुर जिले के प्रभारी मंत्री भंवरसिंह भाटी आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री भाटी ने जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के मौजूदगी में जिला स्तरीय अधिकारियों से सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की । बैठक में प्रभारी मंत्री भाटी ने जमीन से जुड़े मुद्दों को तत्काल प्रभाव से सुनने और स्वास्थ्य व पेयजल से जुड़े तमाम प्रकरणों के तत्काल समाधान के निर्देश देते हुए लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई।

#### जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे अधिकतर बंद होने से लोग होते है परेशान

बैठक में स्वास्थ विभाग की समीक्षा के दौरान चौरासी से बीटीपी एमएलए राजकुमार रोत ने शिकायत की कि मेडिकल कॉलेज संचालित जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन ज्यादातर बंद रहती है और आमजन को बाजार की और रुख करने को मजबूर हैं। एमएलए राजकुमार ने कहा की पिछले दिनों उन्होंने अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब होने से बाजार से मजबूर करवाया। मंत्री भाटी ने स्पष्टीकरण मांगा तो ने बताया गया कि डिजिटल एक्सरे मशीन की फिल्म समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण परेशानी बार-बार आती है वही मैन्युअल मशीन नियमित रूप से काम कर रही है। इधर डूंगरपुर एमएलए गणेश ने साफ किया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इतना खर्चा सरकार कर रही है लेकिन निशुल्क दवा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है । जनता को बाजार की ओर बढ़ता है इससे मुख्यमंत्री की निशुल्क जांच व दवा योजना पर पानी फेरने पर जिम्मेदार लोग आमादा है । मंत्री ने साफ कर दिया कि किसी भी सूरत में इस तरह की की लापरवाही स्वास्थ्य को लेकर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर को निर्देश दिए कि वे मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार करें लेकिन वे बहाने बनाते दिखाई दिए।

#### मेडिकल कॉलेज प्राचार्य की कार्यशैली पर सवाल

बैठक में सागवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने कहा कि जितनी परेशानियां डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में है इतनी पूरे जिले के किसी महकमों में नहीं है । इधर डूंगरपुर एमएलए गणेश घोघरा ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल से कहा कि आप कभी कॉलेज के बाहर नहीं निकलते और अस्पताल की ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कलेक्टर शुभम ने प्रधानाचार्य से कहा कि तमाम व्यवस्थाओं की ओर तत्काल ध्यान दें और अगले 7 दिन में सभी कुछ ठीक नजर आना चाहिए। वही मंत्री ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2021 और 2022 की प्रगति के बारे में विभाग वार जानकारी ली। साथ ही मेडिकल कॉलेज में पेश आ रही पेयजल की समस्या को लेकर प्रशासन काफी गंभीर दिखाई दिया । इस पर पीएचडी विभाग के एसी से मार्गदर्शन मांगने पर उन्होंने बताया कि कम से कम 2 लाख लीटर पानी की स्थाई रूप से स्टोरेज व्यवस्था कॉलेज परिसर में होना जरूरी है , क्योंकि आने वाले समय में कॉलेज में शैक्षणिक और विद्यार्थियों की संख्या और बढ़ेगी। कलेक्टर ने आगामी 2 दिन में स्थाई समाधान के निर्देश दिए और स्थाई रूप से 2 लाख लीटर पानी स्टोरेज के लिए प्रस्ताव देने को प्रधानाचार्य को पाबंद किया।

#### पेयजल संकट से निजात के लिए टेंकरो से आपूर्ति की उठी मांग

इधर बैठक में गांव-गांव में पेश आ रही पेयजल समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि काफी गंभीर नजर आये । डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा व चौरासी विधायक राजकुमार रोत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पेयजल संकट के बारे में अवगत करवाया वही पेयजल संकट प्रभावित क्षेत्रो में टैंकर से पानी सप्लाई कराने की मांग रखी। जिस पर मंत्री भाटी ने तत्काल एक्शन के लिए कलेक्टर को निर्देश दिए वही बिजली डिस्कॉम को भी पाबंद किया कि पीएचडी की किसी भी प्रोजेक्ट के लिए बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया में एक पल की भी देरी नहीं होनी चाहिए और प्रस्ताव आते ही तत्काल कनेक्शन कर दिया जाए कर दिया जाए।

#### पट्टो के लिए भटक रहे लोग

इधर बैठक में आसपुर एमएलए गोपीचंद मीणा ने कहा कि प्रशासन गांव के संग अभियान के दौरान जो पट्टे बांटने का काम हुआ वह जमीनी स्तर पर हुआ ही नहीं है । एमएलए मीणा ने कहा कि केवल अतिथियों के हाथों पट्टे बांटने का दिखावा किया गया असल में लोग अब तक अपने अधिकार के लिए पंचायत और पटवारियों के चक्कर लगा रहे हैं । लेकिन वे अपने कार्यस्थल पर मिलते ही नहीं है ऐसे में उन्हें कार्य स्थल पर मौजूद रहने के लिए पावन किया जाए इस पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि समय पर पटवारी और सचिव गांव में उपलब्ध होते रहेंगे।

#### समस्याओ को लेकर मंत्री को सौपे ज्ञापन

प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी के एक दिवसीय दौरे के दौरान आज कलेक्ट्री में समस्याओं का अंबार सामने आया । मंत्री के सामने खुद चौरासी एमएलए के नेतृत्व में आमजन मंत्री से रूबरू हुए और परेशानियां बताई। निगम के बिजली निगम के सहायक अभियंताओं का प्रतिनिधिमडल मंत्री भाटी से मिला और वेतनमान सुधार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा ।

मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने थाना स्थित कॉलेज में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहने, बिजली व पानी संकट के बारे में अवगत करवाया और समाधान की मांग की।

## भाविप दक्षिण प्रान्त का दायित्व ग्रहण समारोह हुआ



**सागवाड़ा।** भारत विकास परिषद् राजस्थान दक्षिण प्रान्त का दायित्व ग्रहण समारोह मेवाड़ शाखा के आतिथ्य में आलोक संस्थान उदयपुर के व्यास सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्पत खुरदिया ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ जयराज आचार्य, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमावत, शाखा अध्यक्ष प्रशांत व्यास थे। वन्दे मातरम गान एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ सामारोह की शुरुआत हुई। स्वागत उद्बोधन शाखा अध्यक्ष प्रशांत व्यास ने दिया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. कुमावत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रांत की इस वर्ष की कार्य योजना से अवगत कराया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री शर्मा ने प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. कुमावत, प्रांतीय महासचिव गिरीश सोमपुरा एवं रामलाल बैरवा को वित्त सचिव के पद की शपथ दिलाई। शर्मा ने कहा कि कर्तव्य का बोध कराने के लिए शपथ दिलाई जाती है। कार्यकर्ताओं को नवीन ऊर्जा में साथ कार्य करने और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शौर्य धरा से भारत विकास परिषद नये आयाम स्थापित करने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खुरदिया ने कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाते हुए एक टीम के रूप में कार्य करने प्रोत्साहित किय। डॉ. जयराज आचार्य ने जिला समन्वयकों को शपथ दिलाई।

## खड़गदा में चोरी की वारदात की जांच में जुटी पुलिस

### थानाधिकारी सोलंकी ने खड़गदा में वारदात की जानकारी ली



**खड़गदा।** खड़गदा और डैयाणा गांव में हुई चोरी के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। सोमवार को सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी, कालोनी चौकी प्रभारी सोमेश्वर और बीट प्रभारी यशपाल सिंह खड़गदा और डैयाणा पहुंचे और चोरी की वारदात की जानकारी ली। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी अभय जैन के घर पहुंचे और जानकारी ली। वहां मौजूद उप सरपंच अनिल पुरोहित, रविशंकर भट्ट, हेमंत जैन, रतिलाल पंचाल, रितेश जैन, यश भट्ट, पंकज जैन, जिग्नेश जोशी ने चोरी की वारदात का खुलासा करने की मांग की। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने गांव के प्रमुख मार्गों और चौराहे पर सीसी टीवी कैमरे लगाने की बात की। सोलंकी ने बताया कि चोरी की वारदात की जांच शुरू कर दी है। सीसी टीवी फूटेज मंगवाए जा रहे है। उल्लेखनीय है कि खड़गदा में चांदमल जैन के घर से करीब 17 तौला सोना और 1 किलो चांदी पर हाथ साफ किया गया।

मकान से करीब 30 हजार की नगदी भी चोरी की गई। इधर, ओबरी थाना क्षेत्र के डैयाणा गांव में भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यहां सेवक फले में स्थित रमेश धनजी पाटीदार के सुने मकान में ताला तोड़ कर चोरी की थी।

## बुजुर्ग की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

### * पुरानी रंजिश को लेकर घोटाद में मारपीट के दौरान घायल बुजुर्ग की ईलाज के दौरान हुई थी मौत
### * 2021 में हुई सुनील की मौत का बदला लेने की थी मारपीट



**सागवाड़ा।** पुलिस थाना सागवाड़ा क्षेत्र के घोटाद गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर हमला एवं मारपीट करने से ईलाज के दौरान उदयपुर में हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में सागवाड़ा पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 25 अप्रैल को पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के अभियुक्त एक जगह छुपे हुए है। पुलिस ने उक्त मामले में 7 अभियुक्त शंकर मुनीया, विनोद मुनिया, होमजी खांट, शिवा उर्फ शिवराम खांट, राहुल खांट, धनेश्वर खांट, ईश्वर डिण्डोर को को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र सोलंकी के अनुसार घोटाद के हड़मतिया फला निवासी शारदा पत्नी रवीया खांट पुलिस में रिपोर्ट दी थी कि दी देवर मोहन की पुत्री रमीला पर गांव के शंकर पुत्र बदिया मुनीया का लडक़ा सुनील के मरने का झूठा आरोप लगाकर शंकर और उसके परिवार के लोग रंजिश रखे हुए थे। देवर मोहन खांट की पुत्री रमीला की शादी गांव में 21 अप्रैल को हुई थी। रमीला के शादी कर बरात के जाने के बाद शाम करीब पोने छह बजे तुलसी के घर पर शारदा, रवीया के अलावा रिश्तेदार भीलूड़ा निवासी धनेश्वर पुत्र देवजी खांट, कुरी पत्नी भुरजी कटारा, शंकर व पंकज पुत्र नानु खांट, हाजिया पुत्र कानु, गजु पुत्र नानु खांट व अन्य रिश्तेदार मौजूद थे। तभी वहां पर घोटाद निवासी शंकर पुत्र बदिया मुनिया, होमजी पुत्र भीखा खांट, शिवा व धनेश्वर पुत्र मोगा खांट, चम्पा पुत्र धनेश्वर खांट, ईश्वर पुत्र खातरा डिन्डोर, विनोद पुत्र शंकर मुनीया, राहुल पुत्र होमजी खांट, गीता पत्नी शंकर मुनीया, चम्पा पत्नी धनेश्वर खांट के हाथों में लठ, हथियार, पत्थर ले आए।

वहां पर कहने लगे कि हमारा आदमी तुम लोगों ने मार दिया है, तुम लोगों को भी मारेगें कहते हुए छुट्टे पत्थर फेंके और परिवार वालों के साथ लठ, पत्थर एवं हथियार से मारपीट करने लगे। घर में घुस कर तोड़ फोड़ की। रिश्तेदारों की मोटर साइकिलों को भी नुकसान पहुंचाया। सभी ने मिलकर रमिला के दहेज का सामान भी तोड़ दिया। लट्ठ, पत्थर और हथियार से मारपीट करने से पति रवीया खांट के सर पर लगी तथा सिर से खुन निकलने से रवीया वही पर गिर पड़ा। रवीया खांट को ईलाज के लिए सागवाड़ा के राजकीय चिकित्सालय ले गए। वहां से डूंगरपुर तथा बाद में उदयपुर ईलाज के लिए ले गए। इलाज के दौरान शुक्रवार को रविया खांट की मौत हो गई थी। जिसपर पुलिस ने हत्या में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस घटना को लेकर किया था हमला - 6 जनवरी 2021 को घोटाद गांव में सुनील पिता शंकर मुनीया मीणा की लाश घोटाद गांव में खेतों में आम के पेड के नीचे मिली थी जिसके गले में फांसी के फंदे के निशान थे। जिस पर मृतक सुनील के भाई विनोद मुनीया ने सुनील के हत्या का प्रकरण पुलिस थाना सागवाड़ा में दर्ज करवाया था। जिस पर अनुसंधान किया गया तो पाया कि मृतक सुनील व गांव की ही रमीला दोनों आपस में प्रेम करते थे व गांव वालों द्वारा शादि के लिये मना करने पर दोनो ने स्वैच्छा से एक ही रस्सी से आम के पेड़ पर फांसी का फंदा लगा लिया था मगर रमीला का वजन कम व सुनील का ज्यादा होने से सुनील तो फांसी के फंदे से मर गया था मगर रमीला बच गयी थी जो फंदा खोल कर वापस घर आ गयी थी। इसी बात को लेकर मृतक सुनील के परिजन रमीला के परिवार से रंजीश रखते थे।

व आये दिन रमीला के परिवार से झगडा करते रहते थे। 21 अप्रैल 2022 को जब रमीला की शादि हो रही थी तो मृतक सुनील के परिजनो ने अभियुक्तगण को इकठ्ठा किया व योजना बना कर जैसे ही रमीला की बारात रवाना हुई रमीला के परिवार के लोगों पर हमला कर दिया व मारपीट करी एवं दहेज का सामान तोड दिया व रमीला के घर का दरवाजा व घर में रखा सामान भी तोड़ दिया।